Prepp
Your Personal Exams Guide

# EXAM – MGC – 14

Q.P. No. : 13497

प्रश्न पत्र / Question Paper

विषय –भाषा (विषय कोड – 01)

SUBJECT – LANGUAGE (SUBJECT CODE – 01)

| | | | |
|---|---|---|---|
| अधिकतम अंक – 200<br><br>Maximum Marks – 200 | प्रश्न पत्र में पृष्ठों की संख्या : 15<br><br>Number of Pages in Question Paper : 15 | प्रश्न पत्र में प्रश्नों की संख्या : 32<br><br>Number of Questions in Question Paper : 32 | समय – 03 : 00 घंटे<br><br>Time – 03 : 00 Hours |

परीक्षा केन्द्र क्रमांक
Examination Centre Code

परीक्षार्थियों द्वारा **काले / नीले बॉल पॉइण्ट पेन** से भरा जाय ।
To be filled by Candidates by **Black / Blue Ball-Point pen** only.

अनुक्रमांक
Roll No.

**घोषणा :** मैने नीचे दिये गये निर्देशों को अच्छी तरह पढ़कर समझ लिए हैं तथा उनसे मैं पूरी तरह सहमत हूँ।

**Declaration :** I have read and understand the directions given below and totally agree with them.

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर
Signature of Candidate ................................

दिनांक
Date ..............................

अभ्यर्थी का नाम
Name of Candidate ....................................

समय
Time ..............................

## अभ्यर्थियों हेतु निर्देश

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
2. निर्देशों को भली भांति पढ़ने व समझने के साथ-साथ प्रश्न पत्र तथा प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका (QAB) में आवश्यक प्रविष्टि करने हेतु 10 मिनटों का अतिरिक्त समय दिया जाएगा ।
3. प्रश्न-पत्र तथा QAB में किसी भी प्रकार की प्रविष्टि करने के पूर्व अभ्यर्थियों को कुल पृष्ठ संख्या की जाँच अवश्य कर लेनी चाहिए तथा किसी भी प्रकार की विसंगति होने पर वीक्षक को सूचित कर प्रश्न-पत्र/QAB की दूसरी प्रति प्राप्त करना चाहिए ।
4. प्रश्न-पत्र तथा QAB में समस्त प्रविष्टियाँ **काले / नीले बॉल पॉइण्ट** पेन से करें ।
5. प्रश्नों के हिन्दी अथवा अंग्रेजी प्रारूप, दोनों में से किसी भी भाषा में वर्तनी संबंधी अथवा अन्य त्रुटि होने पर ऐसी त्रुटियों की समझ व निराकरण की अपेक्षा स्नातक स्तर के अभ्यर्थियों से करते हुए ऐसे प्रश्नों को आपत्ति योग्य नहीं माना जाएगा । उक्त के संदर्भ में अभ्यावेदनों पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जाएगा ।
6. अभ्यर्थियों हेतु परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार के कैल्क्युलेटर, लॉग टेबल, मोबाईल फोन, पेजर अथवा अन्य किसी भी प्रकार के संचार व गणन यंत्र का प्रयोग पूर्णत: वर्जित तथा दंडनीय है ।
7. रफ कार्य प्रश्न सह उत्तर पुस्तिका के केवल अंतिम पृष्ठ पर ही किया जा सकता है।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. All questions are compulsory.
2. Extra time of 10 minutes will be given for careful reading and understanding instructions as well as for making required entries in Question Paper and Question Cum Answer Booklet (QAB).
3. Before making any entry on Question Paper and QAB candidate should count and check the no. of pages and if any discrepancy is seen then invigilator should be informed immediately for another copy of Question Paper/QAB.
4. Each entry on Question Paper and QAB should be done with **Black/Blue Ball-Point Pen**.
5. In Hindi/English format of questions some minor spelling/other mistake in either one of languages will not be considered objectionable as it is expected that candidates being graduate can percept and understand that. No applications regarding the same will be entertained by the Commission.
6. Use of Calculators, Log Tables, Mobile Phones, Pagers and any other type of communication or calculating devices are strictly prohibited and punishable.
7. Rough work can be done only on last page of Question Answer Booklet.

Prepp
Your Personal Exams Guide

MGC – 14

## भाग – 1

## सामान्य हिन्दी

**(Max. Marks : 50)**

1. शब्द और वर्ण में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 2

2. क) निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए। 2

i) पुष्प का पर्याय शब्द है

अ) प्रसून

आ) मधुप

इ) पद्म

ई) वृन्द

ii) निम्नलिखित में समुद्र का पर्याय है

अ) नीरद

आ) जलधि

इ) वारिद

ई) अम्बुद

iii) कामदेव का पर्याय है

अ) उदन्त

आ) श्रृंगार

इ) रति

ई) मन्मथ

iv) सूर्य का पर्याय नहीं है

अ) दिनेश

आ) दिवाकर

इ) मार्तण्ड

ई) रजनीश

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide



ख) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। 2

i) वाद

ii) मूर्ख

iii) निरक्षर

iv) निर्धन

ग) निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए। 2

i) आर्शीवाद

ii) रचईता

iii) कार्यकृम

iv) उपलक्ष

3. क) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ स्पष्टकर उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए। 3

i) नौ दो ग्यारह होना

ii) गागर में सागर

iii) ओखली में सर देना

ख) निम्नलिखित लोकोक्तियों का अर्थ स्पष्ट करते हुए उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए। 3

i) कहाँ राजा भोज कहाँ गाँगू तैली

ii) अंधों में काना राजा

iii) ऊँची दूकान फीके पकवान

4. क) निम्नलिखित शब्दों का संधि विच्छेद कीजिए। 2

i) महोत्सव

ii) सदैव

iii) न्यून

iv) गायक



Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide



ख) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह कीजिए। 2

i) युद्धभूमि

ii) गृहस्थ

iii) यथाशक्ति

iv) विद्यासागर

ग) निम्नलिखित शब्दों में प्रत्यय बताइये। 2

i) शत्रुता

ii) मनुष्यत्व

iii) कड़वाहट

iv) मौखिक

घ) निम्नलिखित शब्दों में **अर्थ–भेद** स्पष्ट कीजिए। 3

i) जामन – जामुन

ii) दूत – द्यूत

iii) रेचक – रोचक

ङ) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए **एक** सटीक शब्द लिखिए। 3

i) दोपहर बाद का समय

ii) बनावटी वेश में रहनेवाला

iii) मीठा बोलनेवाला

5. क) निम्नलिखित शब्दों के तद्भव रूप लिखिए। 2

i) हस्त ii) ग्रीवा

iii) वत्स iv) मयूर

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide



ख) निम्नलिखित वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए। 4

i) ईश्वर का अनेकों नाम हैं।

ii) किसी और दूसरे व्यक्ति को वहाँ भेज दीजिए।

iii) मैं गाने की कसरत कर रहा हूँ।

iv) कृपया मेरा आवेदनपत्र स्वीकार करने की कृपा करें।

6. निम्नलिखित गद्यांश का सार लगभग **एक तिहाई** शब्दों में लिखकर उसका उपयुक्त शीर्षक दीजिए। (5+1=6)

परिश्रम को सफलता की कुंजी माना गया है। जीवन में सफलता पुरुषार्थ से ही प्राप्त होती है। कहा भी है – उद्योगी पुरुषसिंह को लक्ष्मी वरण करती है। जो भाग्यवादी है उन्हें कुछ नहीं मिलता। वे हाथ पे हाथ धरे रह जाते हैं। अवसर उनके सामने से निकल जाता है। भाग्य कठिन परिश्रम का ही दूसरा नाम है। प्रकृति को ही देखिए-सारे जड़-चेतन अपने कार्य में लगे रहते हैं। चीटी को भी पल भर का चैन नहीं है। मधुमक्खी न जाने कितनी लम्बी यात्रा तयकर बूँद-बूँद मधु जुटाती है। मुर्गे को सुबह बाँग लगाना ही है। मनुष्य को बुद्धि मिली है, विवेक मिला है। वह निठल्ला बैठे तो सफलता की कामना करना व्यर्थ है।

विश्व में जो देश आगे बढ़ रहे हैं, उनकी सफलता का रहस्य कठिन परिश्रम ही है। जापान को दूसरे विश्व युद्ध में मिट्टी में मिला दिया गया था। उसकी अर्थ व्यवस्था छिन्न-भिन्न हो गई थी। दिन-रात जी तोड़ श्रम करके वह पुन: विश्व का प्रमुख औद्योगिक देश बन गया। चीन को शोषण से मुक्ति भारत से देर में मिली, वह भी श्रम के बल पर आज भारत से आगे निकल गया। जर्मनी ने भी युद्ध की विभीषिकायें झेलीं, पर श्रम के बल पर सम्हल गया।

परिश्रम का महत्व वे जानते हैं जो स्वयं अपने बल पर आगे बढ़े हैं। संसार के अनेक महापुरुष परिश्रम के प्रमाण हैं। कालिदास, तुलसी, टैगोर और गोर्की परिश्रम से ही अमर हुए। संसार के इतिहास में अनेक चमकते सितारे केवल परिश्रम के ही प्रमाण हैं।

7. अर्धशासकीय पत्र का आशय स्पष्ट करते हुए उसका प्रारूप प्रस्तुत कीजिए। (2+4=6)

8. अ) हिन्दी साहित्य के इतिहास का काल विभाजन सर्व प्रथम किस विद्वान ने किया ? 1

i) रामचन्द्र शुक्ल

ii) हजारी प्रसाद द्विवेदी

iii) ग्रियर्सन

iv) गार्सो-द-त्तासी

आ) हिन्दी साहित्य के आदि काल को सन्धिकाल किसने कहा था ? 1

i) गणपति चन्द्र गुप्त

ii) राहुल सांकृत्यायन

iii) रामकुमार वर्मा

iv) श्याम सुन्दर दास

इ) निम्नलिखित रचनाएँ छत्तीसगढ़ के किन रचनाकारों की हैं ? 4

i) बस्तर भूषण

ii) पर्राभर लाई

iii) सुराज गीत

iv) सुधी कुटुम्ब

## भाग – 2

## सामान्य संस्कृत

**(Max. Marks : 50)**

1. अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा प्रश्नान् उत्तरत।

उज्जयिन्यां द्वादशज्योतिर्लिङ्गेषु महाकालेश्वरस्य प्रसिद्धं मन्दिरमस्ति। तत्रैव कालिदाससमारोहः प्रतिवर्षमायोज्यते। तस्मिन् समारोहे विविधेभ्यः प्रान्तेभ्यः विद्वांसः, कवयः, शोधच्छात्राः, संस्कृत समुपासकाश्च समायान्ति। मेघदूतकाव्यस्य रचना छत्तीसगढराज्ये एव सञ्जाता–एतादृशी मान्यता कैश्चिद् विद्वद्भिः अङ्गीकृता। मेघदूतं मन्दाक्रान्ताछन्दसि प्रणीतम्। लोकसंस्कृतौ छत्तीसगढराज्यस्य विशिष्टं महत्वमस्ति।

I) उज्जयिन्यां कस्य ज्योतिर्लिङ्गस्य प्रसिद्धं मन्दिरमस्ति ? 2

II) कालिदाससमारोहः कुत्र समायोज्यते ? 2

III) समारोहे के के समायान्ति ? 2

IV) मेघदूतं कस्मिन् छन्दसि प्रणीतम् ? 2

V) लोकसंस्कृतौ कस्य महत्वं विशिष्टम् ? 2

Prepp
Your Personal Exams Guide



2. अधोलिखितेषु **केषाश्चिच्चतुर्णां** सन्धिविच्छेदं कृत्वा सन्धेः नाम लिखत। 4

I) सुध्युपास्यः

II) वागीशः

III) तन्मात्रम्

IV) गङ्गौघः

V) प्रेजते

VI) विष्णू इमौ

VII) सोऽपि

3. **केषाश्चिच्चतुर्णां** सन्धिं कृत्वा सन्धेः नाम लिखत। 4

I) गो + अग्रम्

II) सत् + चित्

III) उप + एति

IV) उप + इन्द्रः

V) सम् + कर्ता

VI) देव + ऐश्वर्यम्

VII) तद् + लयः

4. **केषाञ्चिच्चतुर्णां** पदानां समासविग्रहं कृत्वा समासस्य नाम लिखत। 4

I) अधिगोपम्

II) कृष्णश्रितः

III) हरित्रातः

IV) दुर्यवनम्

V) अनश्वः

VI) हरिहरौ

VII) वीरपुरुषकोग्रामः

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide



5. **केषाञ्चिच्चतुर्णां** समासं कृत्वा समासस्य नाम लिखत। 4

I) माता च पिता च

II) कुत्सितः पुरुषः

III) हरेः सादृश्यम्

IV) आशाम् अतीतः

V) चोराद् भयम्

VI) कृष्णः सर्पः

VII) प्राप्तम् उदकं यम्, सः

6. अधोलिखितस्य गद्यांशस्य **संस्कृतभाषया** अनुवादो विधेयः। 8

सज्जनों की संगति से दुर्जन भी गुणवान् हो जाते हैं। विद्वानों का सम्मान करना चाहिए। शिक्षा से समाज में विकास सम्भव होता है। देश की उन्नति के लिए सब को सहयोग करना चाहिए। राष्ट्रहित के लिए स्वार्थ को छोड़ना महान् कार्य है। दीन-दुःखियों की सेवा करने से पुण्य बढ़ता है। बिना अनुशासन के कोई भी संगठन सुदृढ़ नहीं होता। सत्य, अहिंसा, सदाचार और परिश्रम से कठिन कार्य भी सफल हो सकते हैं।

7. केषाञ्चिद् **अष्ट**वाक्यानां वाच्यपरिवर्तनं क्रियताम्। 8

I) सः पुस्तकं पठति।

II) तेन मन्दिरं गम्यते।

III) सा मोदकं खादति।

IV) छात्रेण पत्रं लिख्यते।

V) अहं दुग्धं पिबामि।

VI) लता गीतं गायति।

VII) मया विद्यालयः गम्यते।

VIII) कृषकः भारं नयति।

IX) ते चित्राणि पश्यन्ति।

X) सः ध्यानं करोति।

XI) तया समाचारः श्रूयते।

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide



8. अधोलिखितेषु कमप्येकमाश्रित्य संस्कृतभाषया शतपदेषु निबन्धं लिखत। 8

I) संस्कृतं नाम दैवी वाक्।

II) अहिंसा परमो धर्मः।

III) छत्तीसगढराज्यस्य सांस्कृतिकं महत्वम्।

IV) राष्ट्रभक्तिः।

## PART – 3

## General English

### (Max. Marks : 50)

1. i) Insert the appropriate models : 4

a) I wish he ______________ work hard as examinations are to begin next week.

b) You ______________ to have waited till the lights were green.

ii) Supply articles, wherever necessary :

a) The fishermen used ______________ hair to tie the feather to the hook.

b) The Prime Minister recently visited ______________ Union of South Africa.

2. i) Make sentences using the following words to clarify their meanings : 4

a) Extraordinary

b) Investigate

ii) Write the meanings of the following idioms :

a) An axe to grind

b) To wash dirty linen in public

3. i) Rearrange the jumbled words to form meaningful sentences : 10

a) Students / the / what / they / to / wanted / choose/study/could/ ?

b) Missed / thought / the / he / plane / he / that / have / might.

www.prepp.in

prepp
Your Personal Exams Guide



ii) Rewrite the following sentences after making necessary corrections without changing their meanings :

a) The accident held down the traffic for hours.

b) The house is under repairs.

iii) Rewrite the following sentences after correcting the mis-spelt words :

a) The calendar has gone out of order.

b) The position that he occupies is envious.

iv) Write the synonyms of the following words :

a) Epoch

b) Impulsive

v) Write the antonyms of the following words :

a) Astonishing

b) Flourish

4. i) Fill in the blanks with suitable prepositions : 12

a) Thieves broke __________ the house.

b) Get __________ the bus and walk back till you come to same traffic light.

c) At first he opposed the idea, but __________ the end he gave his consent.

d) He is still run __________ after his illness and is unfit for work.

ii) Fill in the blanks with suitable verb forms :

a) I (go) buy Sarah some flowers.

b) She (make) it clear that she disagreed.

c) For a long time he (think) to be a spy.

d) I (send) him only one letter till now.

www.prepp.in

prepp
Your Personal Exams Guide



iii) Change the voice :

a) Smoke filled the room.

b) You must shut these doors.

c) They will shift her to hospital tomorrow.

d) The court allows the thief a fair trial.

5. Translate the following sentences into Hindi : 5

a) I set my watch with the church bell.

b) The thieves had run away before the police arrived.

c) If he comes, I will help him.

d) Nobody knows what is written in one's destiny.

e) It has been raining cats and dogs for the past three days.

6. Read the following passage carefully and answer the questions that follow : 5

Do birds know how to come back home after a long flight ? Bird scientists, known as ornithologists, say that birds know exactly where they are and where their nests are. Even the young ones can fly hundreds of nautical miles without losing their way. How do they do it ? God has given them a tremendous sense of direction ; possibly they have a compass of sorts in their brain. Every year, we can see birds from North India fly to the South. In India we have several bird sanctuaries where birds from both parts of the globe come, spend a few months and return when the climate conditions in their homeland are more favourable. When it is winter in the Northern hemisphere, it is summer in the Southern hemisphere. The birds which cannot stand the cold climate fly to the warmer regions. They are called migratory birds. They can fly non-stop up to twenty hours or so in one stretch and cover a few hundred miles in one stop. The migratory birds always fly in groups.

**Questions :**

a) Who is an ornithologist ?

b) Why do we call some birds migratory birds ?

c) Are the seasons the same in both hemispheres ?

d) Write one word substitute for a group of birds.

e) Find synonym for 'wild life reserve' from the passage.

7. Write a letter to the Chief Medical Officer of your district drawing his attention towards the rising cases of cancer in your district and requesting him to take necessary preventive and curative measures. 5

8. Make a precis of the following passage in about **one-third** of its original length, suggesting a suitable title to it. As far as possible, the precis is to be written in your own words : 5

The insignificance of the individual in our age concerns not only his role as a businessman, employee, or manual labourer, but also his role as a customer. A drastic change has occurred in the role of the customer in the last few decades. The customer, who visited a retail store of an independent businessman earlier, was sure to get personal attention ; he was received like someone who mattered, and he felt a sense of importance and dignity. But with the development of the department stores, and even of malls, things have changed. The customer is, of course, impressed by the vastness of the building, the large number of employees, the profusion of commodities displayed, but he feels small and insignificant there. As an individual, he is of no importance to the department store or the mall. The act of buying, for him, has become like going to the postoffice and buying stamps. (152)

## भाग – 4

## छत्तीसगढ़ी

## (Max. Marks : 50)

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

अ) निम्नलिखित शब्दों के **छत्तीसगढ़ी** समानार्थी लिखिए : 5

i) उल्लू

ii) घांस

iii) जूता

iv) जीजा

v) सियार

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide



आ) निम्नलिखित छत्तीसगढ़ी के हिंदी समानार्थी लिखिए : 5

i) उतियइल

ii) ठट्ठा

iii) दरमी

iv) परछी

v) सरकी

इ) संबंध निरूपित कीजिए : 2

| | |
|---|---|
| अ) अंइठी | क) गर |
| आ) खिनवा | ख) पाँव |
| इ) चुटकी | ग) कान |
| ई) पुतरी | घ) हाथ |

2. अ) निम्नलिखित छत्तीसगढ़ी स्त्रीलिंग शब्दों को पुल्लिंग में परिवर्तित कीजिए : 2

i) गोसाईन

ii) ददा

आ) 'मन' और 'सबों' लगाकर एकवचन से बहुवचन बनाने के एक-एक उदाहरण दीजिए : 2

इ) निम्नलिखित सामासिक शब्दों के प्रकार बतलाइए : 2

बारामासा, रुख-राई

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10

i) छत्तीसगढ़ी की उत्पत्ति किस अपभ्रंश से हुई है ?

ii) छत्तीसगढ़ी में कुल कितने स्वर हैं ?

iii) छत्तीसगढ़ी के प्रथम व्याकरणकार कौन है ?

iv) छत्तीसगढ़ी में समवयस्क पुरुष आपस में किस संबोधन से संबोधित करते हैं ?

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide



v) छत्तीसगढ़ी के 'अप' और 'पर' उपसर्गवाले एक-एक शब्द का उदाहरण दीजिए।

vi) तत्सम और तद्भव के अंतर को एक वाक्य में समझाइए।

vii) छत्तीसगढ़ी में प्रयुक्त बहुवचन 'मन' किस भाषा के प्रभाव से आगत है ?

viii) ओड़िया प्रभावित छत्तीसगढ़ी को किस नाम से जाना जाता है ?

ix) छत्तीसगढ़ी शब्दकोश के किसी एक कोशकार का नाम बतालाइए।

x) 'टेटका के पहचान बारी' छत्तीसगढ़ी लोकोक्ति का हिन्दी में अनुवाद कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रशासनिक शब्दों के छत्तीसगढ़ी रूप निर्दिष्ट कीजिए : 8

i) निरपेक्ष्य

ii) अकादमी

iii) निविदा

iv) लेखा

v) अर्जुन

vi) शपथ

vii) वयस्क

viii) सम्बदधता

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5

i) छत्तीसगढ़ी में 'रासलीला' की परम्परा को किस नाम से अभिहित किया जाता है ?

ii) दानलीला काव्य की मूल कथा कहाँ से ली गई ?

iii) जन्मांध भक्त कवि कौन थे ?

iv) भरधरी की लोकप्रिय गायिका का नाम बताइए।

v) 'करमछँडहा' नाटक के लेखक.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide



6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5

i) 'छत्तीसगढ़ी मासिक' पत्रिका के संपादक का नाम

ii) 'छत्तीसगढ़ी मित्र' का प्रकाशन कहाँ से हुआ ?

iii) छत्तीसगढ़ी समीक्षा की प्रथम प्रामाणिक कृति का नाम

iv) 'छत्तीसगढ़ी का भाषाशास्त्रीय अध्ययन' के लेखक का नाम

v) 'छत्तीसगढ़ी-हिन्दी शब्द-कोश' के प्रणेता का नाम

7. छत्तीसगढ़ी की पत्रकारिता को पुष्ट करनेवाली किन्हीं चार पत्रिकाओं के नाम लिखिए। 2

8. छत्तीसगढ़ी की प्रतिनिधि 'लोकनाट्य' की लोकविधाओं का नाम उल्लेख कीजिए। 2